सीएसआईआर-केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिकी अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान
पिलानी (राजस्थान) 333031

सं. : प्र.नि./विविध/2024 दिनांक : 12.08.2024

परिपत्र

विषय : 78वें स्वतंत्रता दिवस पर "एक पेड़ माँ के नाम" अभियान के अंतर्गत संस्थान परिसर में सहकर्मियों एवं उनके परिजनों द्वारा पौधारोपण।

संस्थान द्वारा प्रतिवर्ष स्वतंत्रता दिवस समारोह गरिमामयी ढंग से मनाया जाता है। कार्यक्रम के दौरान संस्थान के मुख्य लॉन में सीरी विद्या मंदिर के छात्र-छात्राओं द्वारा बैंड प्रदर्शन, परेड, देशभक्ति गीत आदि प्रस्तुत किए जाते हैं। इस अवसर पर निदेशक महोदय द्वारा सभी सहकर्मियों एवं उनके परिजनों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएँ दी जाती हैं।

इस वर्ष मुख्य समारोह के उपरांत सामूहिक पौधारोपण कार्यक्रम का भी आयोजन किया जाएगा जिसके अंतर्गत संस्थान के सहकर्मियों एवं उनके परिजनों द्वारा पौधारोपण किया जाएगा। सभी सहकर्मियों से अनुरोध है कि कृपया अपने परिवार सहित सामूहिक पौधारोपण कार्यक्रम में सम्मिलित हो कर इसे सफल बनाएँ। पर्यावरण संरक्षण में सभी का सहयोग प्रार्थनीय है।

आओ हम सब पौधे लगाएँ।
मिलकर अपना पर्यावरण बचाएँ।।

जय शंकर 12/08/2024

(जय शंकर शरण)
प्रशासन नियंत्रक

प्रतिलिपि (सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु) :

1. निदेशक सचिवालय
2. प्रशासन नियंत्रक
3. वित्त एवं लेखा नियंत्रक
4. प्रमुख, पीएमई
5. सभी विभागाध्यक्ष/समूह प्रमुख - अपने अधीनस्थ सहकर्मियों को सूचित एवं प्रेरित करने के लिए।